राजस्थान सरकार

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

क्रमांक: प.20(3 )परि / लेखा / विविध / 2019-20 / 2880 / दिनांक 11-11-2025

## आदेश

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों में समाविष्ट अनुच्छेदों की अनुपालना तथा जनलेखा समिति की बकाया सिफारिशों के उत्तर / क्रियान्विति विषयक सूचना निर्धारित समयावधि में प्रेषित करने के लिए एवं समुचित पर्यवेक्षण हेतु परिवहन विभाग में विभागाध्यक्ष स्तर पर श्री ओपी बुनकर अतिरिक्त प्रभार (प्रर्वतन) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। श्री ओपी बुनकर के कार्यालय नम्बर 01412850603 है।

नोडल अधिकारी के कार्य एवं दायित्व वे होंगे जो समय-समय पर वित्त विभाग / राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किए गए हैं तथा जिनका सारांश निम्नानुसार हैं-

- सीएजी प्रतिवेदनों में शामिल विभाग से संबंधित अनुच्छेदों की अनुपालना रिपोर्ट महालेखाकार कार्यालय को निर्धारित समयावधि में प्रेषित करवाना।
- सीएजी अनुच्छेदों की अनुपालना रिपोर्टो पर महालेखाकार कार्यालय की संवीक्षा टिप्पणी प्राप्त कर विभागीय पालना रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में जनलेखा समिति को प्रेषित कराना सुनिश्चित करना।
- जनलेखा समिति की सिफारिशों पर विभागीय पालना / क्रियान्विति विषयक रिपोर्ट तैयार करवाना तथा उसकी महालेखाकार कार्यालय से संवीक्षा करवाकर जनलेखा समिति को निर्धारित समयावधि में प्रेषित होना सुनिश्चित करवाना।
- जनलेखा समिति द्वारा प्रदत्त निर्देशों तथा जनलेखा समिति के समक्ष विभाग द्वारा दिए गए आश्वासनों की पालना करवाना तथा इसकी मॉनिटरिंग करना।

नोडल अधिकारी को विभाग की सभी शाखाओं के प्रभारी अधिकारी अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

(शुचि त्यागी)
सचिव एवं आयुक्त
परिवहन एवं सड़क सुरक्षा

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है:-

1. प्रमुख सचिव, जन लेखा समिति, राज. विधानसभा, जयपुर।
2. प्रधान महालेखाकार (सामान्य एवं सामाजिक क्षेत्र लेखा परीक्षा / आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्र लेखा परीक्षा), राज. जयपुर।
3. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (अंकेक्षण) विभाग, राज. जयपुर ।
4. उप सचिव, सचिव, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग।
5. निजी सचिव, आयुक्त, परिवहन एवं सडक सुरक्षा।
6. श्री ओपी बुनकर, अपर परिवहन आयुक्त (प्रशा. / प्रर्वतन )
7. समस्त अति. परिवहन आयुक्त, कार्यालय हाजा।
8. नोडल अधिकारी वेबसाइट परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग का उक्त आदेश को विभागिय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु। (IT)

Signature valid
Digitally signed by Shuchi Tyagi
Designation: Commissioner
Date: 2025.11.11 ...:49:12 IST
Reason: Approved

...o.: 18750817